केवल आंतरिक वितरण हेतु

THE RAJASTHAN URBAN CO-OPERATIVE BANKS FEDERATION LTD. JAIPUR

# सृजन

**मार्च, 2025**

**अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की ऑनलाईन मीटिंग दि. 21.03.2025**

## बैंकों के अंतिम लेखों पर हुई चर्चा

फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर द्वारा राज्य के सभी अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की ऑनलाईन वर्चुअल मीटिंग 21 मार्च, 2025 को आहूत की गई जिसमें 35 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। बैठक में ''अरबन बैंक्स सहकार से समृद्धि यात्रा'', अशोध्य एवं संदिग्ध ऋण रिजर्व के प्रूडेन्शियल ट्रीटमेंट, वार्षिक खाताबंदी एवं बैंकिग व्यवसाय में वृद्धि, प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग टारगेट्स, अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के भवन निर्माण नियमों में शिथिलता, नेफकब को देय वार्षिक सदस्यता शुल्क, नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव डवलमेंट एण्ड फाईनेंस कोरपोरेशन (एनयूसीएफडीसी) में हिस्सा पूंजी विनियोजन बाबत, राजस्थान फैडरेशन को देय बकाया चंदे आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

- नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव डवलमेंट एण्ड फाईनेंस कोरपोरेशन (एनयूसीएफडीसी) में हिस्सा पूंजी विनियोजन बाबत फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल. शर्मा ने बताया कि दिनांक 24 मार्च, 2025 को इस संस्थान की विशेष साधारण सभा सम्पन्न होने जा रही है जिसमें अब तक बैंकों द्वारा प्रेषित प्रस्तावानुरूप प्राइवेट प्लेसमेंट के माध्यम से शेयर आबंटित किये जायेंगे जिसकी सूचना समय पर संबंधित बैंकों को प्राप्त हो जायेगी। यदि ऐसी सूचना प्राप्त होती है तो वर्ष की समाप्ति से पूर्व मांगी गई राशि प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

- मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि फैडरेशन के नियमित प्रयासों एवं जोधपुर बैंक के अध्यक्ष महोदय की अनुशंसा से सहकारी विभाग द्वारा दिनांक 14.02.2025 को केवल राज्य के नागरिक सहकारी बैंकों के भवन निर्माण, मरम्मत, पुनरोद्धार आदि नियमों में शिथिलता प्रदान की गई है। उन्होने बताया कि इससे पूर्व के आदेश समस्त सहकारी संस्थाओं पर लागू थे परंतु यह संदर्भित नवीन परिपत्र केवल राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के लिये जारी किया गया है जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाये।

- अध्यक्ष महोदय श्री पाराशर द्वारा बताया गया कि नेशनल फैडरेशन ने पत्र दिनांक 10.03.2025 से बैंकों की ओर बकाया चंदा की सूची प्रेषित की है। नेशनल फैडरेशन की साधारण सभा में उद्घोषित नीति अनुसार पुराने वर्षों की बकाया राशि मात्र 1000/– प्रति वर्ष की दर से जमा कराई जा सकती है। यह विशेष प्रोत्साहन योजना 31 दिसंबर, 2024 तक थी परंतु हमारे अनुरोध को स्वीकार करते हुए नेशनल फैडरेशन ने इसकी समयावधि 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी है जिसका हमें अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिये।

- इसी प्रकार अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर ने कहा कि जिन बैंकों ने फैडरेशन को वर्ष 2024–25 के देय वार्षिक चंदे की राशि नहीं भिजवाई है एवं जिन बैंकों ने अपेक्षित पूर्ण राशि नहीं भिजवाई है, वे शीघ्र भिजवाने की व्यवस्था करें।

बैठक में फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि दौसा बैंक का सकल एनपीए शून्य हो गया है जिसके लिये बैंक अध्यक्ष श्री कृष्णावतार शर्मा, बैंक के संचालकगण, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं समस्त स्टाफ बधाई के पात्र है।



# अमृत महोत्सव कार्यकाल

एवं

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में

राज्य के अरबन को-ऑपरेटिव बैंकों द्वारा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में

दर्शाई गई प्रगति के लिये साधुवाद।

तथा

नवीन वित्तीय वर्ष 2025-26

एवं

# भारतीय नव संवत वर्ष 2082 की

# हार्दिक शुभकामनाएं

**- मोहन पाराशर**

फैडरेशन की मासिक समाचार–पत्रिका ''सृजन'' के माह अप्रैल, 2024 के अंक से फैडरेशन के संचालकों का प्रोफाईल विवरण एक–एक करके ''हमारे संचालक'' शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है। इस माह मार्च, 2025 की कड़ी में फैडरेशन के संचालक श्री कृष्णावतार शर्मा, अध्यक्ष, दौसा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि., दौसा का प्रोफाईल विवरण प्रस्तुत है।

# ''हमारे संचालक''



**श्री कृष्ण अवतार शर्मा**
**संचालक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | श्री कृष्ण अवतार शर्मा(टिल्लू) |
| 2 | पिता का नाम | श्री नारायण प्रसाद शर्मा |
| 3 | निवास | चौधरी कॉलोनी, आगरा रोड, दौसा–303303 |
| 4 | वाट्सएप मोबाईल नंबर | 9414083250 |
| 5 | फोन नंबर कार्यालय एवं निवास | 9414083250 |
| 6 | ईमेल – कार्यालय एवं व्यक्तिगत | guptanathdausa@gmail.com |
| 7 | शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता | B.Com. |
| 8 | व्यवसाय | इण्डस्ट्रीज एवं माईन्स |
| 9 | जन्मतिथि | 15.12.1961 |
| 10 | अरबन बैंक से जुड़ाव कब से है | 1996 से 2016 तक संचालक मंडल सदस्य व 2022 से अध्यक्ष पद पर कार्यरत |
| 11 | सामाजिक गतिविधियां | अध्यक्ष, जिला फुट्वाल संघ, दौसा<br>अध्यक्ष, जिला उद्योग संघ, दौसा<br>संचालक मंडल सदस्य, क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति, दौसा |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | अन्य विशेष उपलब्धियां | **संयुक्त सचिव, राजस्थान फुटबाल एसोसियेशन एवं पूर्व राष्ट्रीय फुटवाल खिलाड़ी** |



## स्थापना दिवस/ बैंक कार्य प्रांरभ दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

- राजलक्ष्मी महिला अरबन को–ऑप. बैंक – स्थापना दिवस 6 मार्च, 2025 को 37वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई
- झालावाड़ नागरिक सहकारी बैंक – स्थापना दिवस 17 मार्च, 2025 को 30वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई

## धौलपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की नई शाखा प्रारंभ

धौलपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की नई शाखा – झोरवाड़ी रोड, कांति एम्पायर, राजेन्द्रनगर, झोर वाली माता के पास, बाड़ी रोड, धौलपुर का 29 मार्च, 2025 को भगवान की पूजा अर्चना के साथ किया गया। फैडरेशन के अध्यक्ष, संचालक मंडल के सदस्यों एवं स्टाफ की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।






## रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित मीटिंग में श्री तौसीफ हुसैन ने भाग लिया

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा द्वारा 19 मार्च, 2025 को बैंक के प्रधान कार्यालय मुम्बई में देश के चयनित अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की आयोजित मीटिंग में उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री तौसीफ हुसैन तथा प्रबंध निदेशक शमीना बानू मेहमूदा ने भाग लिया।

The Udaipur Urban Co-Operative Bank Ltd was the only bank in Rajasthan to be invited to this meeting.

The Central Bank had invited the Chairpersons, Managing Directors and Chief Executive Officers (CEOs) of a few UCBs across all tiers from different parts of the country as part of RBI's continuing interaction with its regulated entities. This was Malhotra's first meeting with the officials after assuming office as Governor.

Other RBI officials present were Deputy Governors M Rajeshwar Rao and Swaminathan J along with Executive Directors-in-Charge of Regulation and Supervision. Attendees included Jyotindra Mehta, Chairman of the National Urban Co-operative Finance and Development Corporation Limited (NUCFDC), and Milind Kale, Vice-Chairman of the National Federation of Urban Co-operative Banks & Credit Societies Limited (NAFCUB).

In his opening remark, Malhotra acknowledged the key role played by UCBs in strengthening financial inclusion and providing services to individuals at the grassroot level. He, however, urged UCBs to be wary of their responsibilities, particularly in view of the trust placed in them by the depositor. He also advised operational pliability in tackling IT and cyber-related threats.

He encouraged the banks to bring forward every issue they face, assuring them of RBI's commitment to a solution. However, he also emphasised that the proper channel for addressing concerns is through the federation.

The Governor added that the Central Bank was currently reviewing limits-related issues involving the Priority Sector Lending (PSLs) and small loans, following past requests submitted through the federation. He assured continued support from the RBI towards UCBs' growth ambitions.

It was an interactive meeting with a meaningful discussion on the future of urban co-operative banking. Participants shared their feedback and provided suggestions.

"It was a very fruitful session," says Tauseef, adding "Every query and issue raised by the Chairpersons and CEOs of UCBs present at the meeting were addressed with the assurance that necessary steps would be taken for their resolution".

## भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अरबन बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियो के लिये कार्यशाला आयोजित की गई

फैडरेशन के निरंतर फोलोअप एवं निवेदन उपरांत भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा 12 मार्च, 2025 को राज्य के समस्त अरबन को–ऑपरेटिव बैकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला गोपालबाड़ी, जोधपुर आयोजित की गई जिसमें राज्य के 31 बैंकों के 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का प्रारंभ श्री जे.एस.के. रावत, उप–महाप्रबंधक के प्रारंभिक उद्‌बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि केन्द्रीय बैंक अब धीरे–धीरे ''पेपरलैस'' कार्यवाही की ओर अग्रसर हो रही है। इसके पश्चात् साईबर सिक्यूरिटी पर आधारित प्रथम सत्र प्रारंभ हुआ जो श्रीमती स्वाति वशिष्ठ द्वारा लिया गया। उन्होंने इस विषय की अलग तरीके से विवेचना करते हुए बहुत सरल शब्दों में व्यवहारिक पहलुओं को उजागर किया।

अगला सत्र फाइलिंग ऑफ सुपरवाईजरी रिटर्न्स का था जिसे श्रीमती इरम अंसारी, सहायक महाप्रबंधक द्वारा लिया गया। इसके साथ ही श्री हरीश वेदी, उप–महाप्रबंधक ने भी अनुपालना रिपोर्ट्स पर चर्चा की। साथ ही अंतिम सत्र में बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का समुचित समाधान किया गया। अंत में फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सुन्दर व्यवस्था एवं उपयोगी कार्यशाला के लिये भारतीय रिजर्व बैंक, विशेषतः उप–महाप्रबंधक महोदय का धन्यवाद अर्पित किया।

## दौसा अरबन बैंक का सकल लाभ रू. 2.22 करोड़

दौसा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री कृष्ण अवतार शर्मा ने बताया कि बैंक का वर्ष 2024–25 का सकल लाभ रू.221.85 लाख तथा शुद्ध लाभ रू. 174.82 लाख का हुआ।

वर्ष के दौरान रू.153.88 करोड़ की जमाएं संग्रहित की गई तथा रू. 69.27 करोड़ के ऋण दिये गये। वर्ष के अंत में बैंक का नेट एनपीए शून्य है।

## अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन ने प्राईवेट प्लेसमेंट ऑफर पत्र जारी किये

नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कोर्पोरेशन (अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन) की दिनांक 24.03.2025 को सम्पन्न साधारण सभा में लिये गये निर्णयानुसार एवं फैडरेशन को प्राप्त पत्र अनुसार दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन एवं राजस्थान राज्य के 5 बैंकों क्रमशः झालावाड़, बालोतरा, जालौर, बारां एवं भीलवाड़ा के पक्ष में प्राईवेट प्लेसमेंट ऑफर पत्र जारी कर दिये गये हैं।

फैडरेशन द्वारा निर्धारित राशि अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन के खाते में जमा करा दी गई तथा संबंधित अरबन बैंकों को पत्र द्वारा सूचित करते हुए उन्हें निर्धारित राशि 31 मार्च, 2025 से पूर्व जमा कराने का सुझाव दिया गया है।

## बारां नागरिक सहकारी बैंक का 2024–25 का शून्य नेट एनपीए के साथ सकल लाभ 10.38 करोड़

बारां नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री हरगोविंद जैन ने बताया कि बारां नागरिक सहकारी बैंक का वर्ष 2024–25 का सकल लाभ 10.38 करोड़ रहा तथा समस्त प्रावधान करने का बाद शुद्ध लाभ 6.25 लाख का हुआ जो बैंक के इतिहास में सर्वाधिक है।

उन्होने बताया कि वर्ष के अंत में बैंक नेट एनपीए शून्य है। बैंक उपाध्यक्ष श्री पीयूष विजय ने बताया कि वर्ष 2025–26 में मांगरोल शाखा को नवीन अत्याधुनिक सुविधायुक्त भवन में शिफ्ट करके प्रारंभ कर दिया जायेगा जिसमें ग्राहकों को लाकर्स की सुविधा भी मिलेगी।

## भीलवाड़ा अरबन बैंक का शुद्ध लाभ रू. 2.04 करोड़

भीलवाड़ा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री विवेकानंद पाण्डेय ने बताया कि बैंक का वर्ष 2024–25 का शुद्ध लाभ रू. 2.04 करोड़ का हुआ।

वर्ष के दौरान रू. 19.26 करोड़ के नये ऋण दिये गये। वर्ष के अंत में बैंक का नेट एनपीए शून्य है।

**आयोजन** • अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर संवाद

# बैंक योजना का लाभ लेने व ज्यादा से ज्यादा राशि जमा करवाने का आह्वान

भास्कर न्यूज़ | रानीवाड़ा




रानीवाड़ा जालोर नागरिक बैंक द्वारा पेंशनर संवाद कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनर।

जालोर नागरिक सहकारी बैंक शाखा रानीवाड़ा की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर पंचायत समिति सभागार में पेंशनर संवाद किया। कार्यक्रम में पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष धनराज दवे, उपाध्यक्ष जालोर नागरिक सहकारी बैंक ललित दवे, बैंक सदस्य हरीश माहेश्वरी और बैंक महाप्रबंधक महेश शर्मा का सान्निध्य रहा।

पेंशनर समाज शाखा रानीवाड़ा के अध्यक्ष पुखराज जीनगर, कोषाध्यक्ष चोखाराम, सचिव रतनाराम जीनगर की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में धनराज दवे ने पेंशन नियमों की जानकारी दी। ललित दवे ने पेंशन फॉर्म रहने वाली विशेष कर्मियों की पूर्ति के संबंध में जानकारी दी। हरीश माहेश्वरी की ओर से बैंक की प्रगति के बारे में चर्चा की गई। महाप्रबंधक महेश शर्मा ने बैंक योजना का लाभ लेने व ज्यादा से ज्यादा राशि जमा करवाने का आह्वान किया। इस दौरान 50 हजार रुपए की एफडीआर बैंक में कराई। कार्यक्रम में पेंशन कार्यालय से प्राप्त सामग्री का पेंशनरों को वितरण किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक छैलसिंह ताराचंद्र भारद्वाज, मो. अलि विरदाराम देवीचंद, जबराराम चौधरी, अशोक अग्रवाल, अर्जुनलाल सोलंकी, ओखाराम पांचाल सहित सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन ताराचन्द भारद्वाज ने किया। इस दौरान स्थानीय शाखा के प्रबंधक की पप्पूलाल मीणा, दलपत सिंह राव, यश देवरा, निशार खान और तलसाराम उपस्थित थे।

# सामान्य बैंकिंग जागरुकता कार्यक्रम का समापन



**उदयपुर.** दी उदयपुर महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की ओर से अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष सहकार से समृद्धि विषय के तहत अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस कि पूर्व संध्या पर सामान्य बैंकिंग जागरुकता कार्यक्रम हुआ। बैंक अध्यक्ष सोनल अजमेरा ने महिलाओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में खुशबू गांधी, हंसा हिंगड़, आंचल पचोरी, डॉ. आशा जैन, शिल्पा पामेचा आदि शिक्षा, चिकित्सा, चार्टर्ड अकाउंटेंट आदि व्यावसायिक क्षेत्रों एवं समाज सेवा से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में बैंकिंग प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बैंकिंग सम्बंधित जानकारी साझा की। विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने धन्यवाद दिया।

# अरबन कोऑपरेटिव बैंक ने रिकॉर्ड 3 करोड़ का लाभ अर्जित किया

बूंदी| दी बूंदी अरबन कोऑपरेटिव बैंक के वित्तीय वर्ष 2024-25 की समीक्षा की गई। बैंक अध्यक्ष सत्येश शर्मा ने बैंक के वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़े पेश करते हुए बताया कि बैंक ने 3 करोड़ 1 लाख का सकल लाभ अर्जित किया है।

शर्मा ने बताया कि 66 लाख आयकर 10 लाख का एनपीए, 5 लाख का स्टैंडर्ड असेट्स का प्रोविजन करने के बाद 2 करोड़ 19 लाख शुद्ध लाभ हुआ है। बैंक के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक शुद्ध लाभ हुआ है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। वर्ष 2024-25 में बैंक की शेयर राशि 11.34 लाख डिपॉजिट 766.96 ऋण 179.36 वर्किंग कैपिटल 1091.58 रही। बैंक सदस्यता में 47 व्यक्ति की वृद्धि हुई है। बैंक द्वारा प्राप्त की गई आर्थिक वृद्धि दर से उत्साह है। बैंक अध्यक्ष सत्येश शर्मा व मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्रसिंह हाड़ा ने कहा कि यह टीमवर्क का परिणाम है। वर्तमान संचालक मंडल के कार्यकाल के दौरान बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रत्येक मद में आशा से अधिक प्रगति दर्ज की है। बैंक की कार्यशील पूंजी 124.53 करोड़ है।

# The Rajasthan Urban Cooperative Banks' Federation Ltd., Jaipur
# Computer Education

## *दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर*

| Use key with Alt in M.S. word<br>**Devlys Font** | परिणाम |
|---|---|
| Alt+0150 | दृ |
| Alt+0151 | कृ |
| Alt+0152 | द्ध |
| Alt+0153 | ॄ |
| Alt+0163 | ख्र |
| Alt+0165 | ञ |
| Alt+0168 | ो |
| Alt+0169 | ौ |
| Alt+0170 | ^ |
| Alt+0171 | ॄ |
| Alt+0179 | ङ |
| Alt+0180 | ञ |
| Alt+0182 | प |
| Alt+0183 | ऽ |
| Alt+0184 | र |
| Alt+0186 | ह |
| Alt+0187 | ÷ |
| Alt+0188 | ( |
| Alt+0189 | ) |
| Alt+0190 | = |
| Alt+0191 | { |
| Alt+0192 | } |
| Alt+0193 | प्र |
| Alt+0195 | ई |
| Alt+0196 | घ |
| Alt+0197 | ऊ |
| Alt+0198 | िँ |
| Alt+0199 | िं |

| | |
|---|---|
| Alt+F4 | Close the document files and Programs - One by one |
| Alt+Tab | Minimise the current file and maximise the other next file |
| Alt+E | Shows Command in dialog box of printer to print current page in M.S.Word |
| Alt+F | To open File Tab (Menu Bar) |
| Alt+H | To Open Home Tab |
| Alt+N | To Open Insert Tab |
| Alt+P | To Open Layout Tab |
| Alt+R | To Open Review Tab |
| Alt+W | To Open View Tab |
| | |
| **#- In addition to above, there are so manuy more uses of Alt+ keys. We can know them as per our need.** | |

# दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर

## – माह मार्च, 2025 में फैडरेशन स्तर पर सम्पन्न मुख्य गतिविधियां –

- 8 मार्च : कतिपय बैंकों द्वारा किये गये निवेदन के क्रम में फैडरेशन द्वारा ''फ्राड रिस्क मैनजमेंट पॉलिसी'' का प्रारूप तैयार कर सभी सदस्य बैंकों को इस निवेदन के साथ भिजवाया गया कि वे बैंक विशेष की परिस्थिति अनुसार आवश्यक संशोधन करते हुए संचालक मंडल में प्रस्तुत करें एवं नीति अनुमोदन पश्चात् बैंक में लागू करें।

- 8 मार्चः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ''Rationalization of Prudential Nomrs regarding loans" विषय पर जारी परिपत्र दिनांक 24 फरवरी, 2025 की प्रति संलग्न करते हुए सभी सदस्य बैंकों को ''लघु राशि के ऋणों'' की पुनर्परिभाषित परिभाषा की जानकारी दी गई।

- 10 मार्चः रजिस्ट्रार महोदय द्वारा अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के भवन निर्माण, वर्तमान भवनों में मरम्मत, जीर्णोद्धार, पुनरूद्धार, सौन्दर्यीकरण आदि से संबंधित जारी नवीन परिपत्र दिनांक 14.02.2025 जो केवल राज्य के नागरिक सहकारी बैंकों को स्वायत्ता प्रदान करते हुए उनके स्तर पर परिपत्र में अंकित शर्तों के साथ निर्णय लिये जाने हेतु अधिकृत करता है, की प्रति सभी सदस्य बैंकों को प्रेषित की। यहां यह उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सभी सहकारी संस्थाओं के लिये एक ही नियम रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा जारी किये जाते रहे हैं परंतु इस बार फैडरेशन के निरंतर प्रयासों एवं श्री राजेन्द्र गहलोत, अध्यक्ष जोधपुर बैंक की अनुशंषा के क्रम में केवल अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के लिये नियमों में छूट प्रदान की गई है।

- 12 मार्चः फैडरेशन के निरंतर फोलोअप एवं निवेदन उपरांत भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा राज्य के समस्त अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला मरूगढ़ रिसोर्ट चौपासनी, जैसलमेर बाईपास रोड, गोपालबाड़ी, जोधपुर में सम्पन्न हुई जिसमें राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंको के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के लिये आयोजित की गई। कार्यशाला में 30 बैंकों के 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का प्रारंभ श्री जे.एस.के. रावत, उप–महाप्रबंधक, के प्रारंभिक उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि केन्द्रीय बैंक अब धीरे–धीरे ''पेपरलैस'' कार्यवाही की ओर अग्रसर हो रही है। इसके पश्चात् प्रथम सत्र प्रारंभ हुआ जो साईबर सिक्यूरिटी पर आधारित था जो श्रीमती स्वाति वशिष्ठ द्वारा लिया गया। उन्होंने इस विषय की अलग तरीके से विवेचना करते हुए बहुत सरल शब्दों में व्यवहारिक पहलुओं को उजागर किया।

  अगला सत्र फाइलिंग ऑफ सुपरवाईजरी रिटर्न्स का था जिसे श्रीमती इरम अंसारी, सहायक महाप्रबंधक द्वारा लिया गया। इसके साथ ही श्री हरीश वेदी, उप–महाप्रबंधक ने भी अनुपालना रिपोर्ट्स पर चर्चा की। साथ ही अंतिम सत्र में बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का समुचित समाधान किया गया। अंत में फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सुन्दर व्यवस्था एवं उपयोगी कार्यशाला के लिये भारतीय रिजर्व बैंक, विशेषतः उप–महाप्रबंधक महोदय का धन्यवाद अर्पित किया।

- 21 मार्चः फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर द्वारा राज्य के सभी अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की ऑनलाईन मीटिंग वर्चुअली आहूत की गई जिसमें 35 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए वर्ष समाप्ति के क्रम में खाताबंदी, आयकर प्रावधानों के साथ ''अरबन बैंक्स सहकार समृद्धि यात्रा'', अशोध्य एवं संदिग्ध ऋण रिजर्व के प्रूडेन्शियल ट्रीटमेंट, वार्षिक खाताबंदी एवं बैंकिग

❖ व्यवसाय में वृद्धि बाबत, प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग टारगेट्स, अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के भवन निर्माण नियमों में शिथिलता, नेफकब को देय वार्षिक सदस्यता शुल्क, नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव डवलमेंट एण्ड फाईनेंस कोरपोरेशन (एनयूसीएफडीसी) में हिस्सा पूंजी विनियोजन बाबत, राजस्थान फैडरेशन को देय बकाया चंदे आदि विषयों पर चर्चा हुई।

○ नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव डवलमेंट एण्ड फाईनेंस कोरपोरेशन (एनयूसीएफडीसी) में हिस्सा पूंजी विनियोजन बाबत फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल. शर्मा ने बताया कि दिनांक 24 मार्च, 2025 को इस संस्थान की विशेष साधारण सभा सम्पन्न होने जा रही है जिसमें अब तक बैंकों द्वारा प्रेषित प्रस्तावानुरूप प्राइवेट प्लेसमेंट के माध्यम से शेयर आबंटित किये जायेंगे जिसकी सूचना समय पर संबंधित बैंकों को प्राप्त हो जायेगी। यदि ऐसी सूचना प्राप्त होती है तो वर्ष की समाप्ति से पूर्व मांगी गई राशि प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

○ अध्यक्ष महोदय श्री पाराशर द्वारा बताया गया कि नेशनल फैडरेशन ने पत्र दिनांक 10.03.2025 से बैंकों की ओर बकाया चंदा की सूची प्रेषित की है। नेशनल फैडरेशन की साधारण सभा में उद्घोषित नीति अनुसार पुराने वर्षों की बकाया राशि मात्र 1000/– प्रति वर्ष की दर से जमा कराई जा सकती है। यह विशेष प्रोत्साहन योजना 31 दिसंबर, 2024 तक थी परंतु हमारे अनुरोध को स्वीकार करते हुए नेशनल फैडरेशन ने इसकी समयावधि 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी है जिसका हमें अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिये।

○ बैठक में फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि दौसा बैंक का सकल एनपीए शून्य हो गया है जिसके लिये बैंक अध्यक्ष श्री कृष्णावतार शर्मा, बैंक के संचालकगण, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं समस्त स्टाफ बधाई के पात्र है।

❖ 26 मार्चः भारतीय रिजर्व बैक द्वारा अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के लिये प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग (लक्ष्य एवं वर्गीकरण) के संबंध में मास्टर डायरेक्शन्स परिपत्र दिनांक 24 मार्च, 2025 से जारी निर्देशों के संबंध में समस्त सदस्य बैंकों को फैडरेशन के पत्र दिनांक 26 मार्च, 2025 से सुझाव दिया गया कि परिपत्र को भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाईट से डाउनलोड करके निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करलें। इन दिशानिर्देशों में, पूर्व में जारी सभी परिपत्रों, संशोधनों आदि को समाहित कर लिया गया है।

नये निर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु **Adjusted Net bank Credit/ Credit Equivalent amount of off Balance Sheet Exposure** के पूर्व निर्धारित 65 प्रतिशत के लक्ष्यों को कम कर 60 प्रतिशत किया है। इसके साथ ही बैंकों द्वारा व्यक्तियों को देय मकान क्रय अथवा निर्माण हेतु आवास ऋण की सीमा सेंटरवार बढ़ाई गई है। वृद्धि की गई ऋण राशि दिनांक 01.04.2025 से लागू होंगी। मरम्मत, परिवर्द्धन हेतु दिये जाने वाले ऋणों की राशि जो प्राथमिकता क्षेत्र वाले लक्ष्यों की पूर्ति में शामिल हो सकेगी, में भी वृद्धि की गई है। स्टाफ को देय आवास ऋण प्राथमिकता क्षेत्र में सम्मिलित नहीं होंगे।

❖ 27 मार्चः नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कोर्पोरेशन (अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन) की दिनांक 24.03.2025 को सम्पन्न साधारण सभा में लिये गये निर्णयानुसार एवं फैडरेशन को प्राप्त पत्र अनुसार दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन एवं राजस्थान राज्य के 5 बैंकों क्रमशः झालावाड़, बालोतरा, जालौर, बारां एवं भीलवाड़ा के पक्ष में प्राईवेट प्लेसमेंट ऑफर पत्र जारी कर दिये गये हैं। फैडरेशन द्वारा संबंधित बैंकों को पत्र द्वारा सूचित करते हुए उन्हें निर्धारित राशि 31 मार्च, 2025 से पूर्व जमा कराने का सुझाव दिया गया है।

—0—0—0—0—